the pioneer

LUCKNOW, TUESDAY JANUARY 9, 2018;

# SMS races onto 31st rank in Annual Business India B-School Survey

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

School of Management Sciences (SMS) raced onto the 31st rank in the Annual Business India B-School Survey in its recent issue. In the state of Uttar Pradcsh, SMS Varanasi is third (Ranked 31 nationally) after IIM-Lucknow (Ranked 6 nationally) and IMT-Ghaziabad (Ranked 12 nationally). In the entire northern belt from J&K to West Bengal, SMS Varanasi has notched a place in the Top-8 B-Schools in the country.

Additionally, it is also amongst the Top-3 B-Schools of North India in the private sector (other two being IMT-Ghaziabad and XLRI-Jamshedpur).

As usual, this year also the rankings are dominated by the B-Schools of West and South India.

This is a remarkable achievement, endorsed the elated Director, Prof Pinak Nath Jha, who reaffirmed the Institution's commitment to coalesce education with global standards in the times to come.

Prof Jha, citing the published report, said that certain novel parameters to rate B-schools have emerged over the years, some of them include the Alumni Network and its contribution to the institutional development, global approach to education, social contribution, shaping students as business leaders, entrepreneurs and responsible citizens, need for new courses suiting the changing business landscape, reinventing management education for relevancy, etc.

It is pleasing that SMS Varanasi has already been working on such criteria that have helped the Institution reach to such heights. The Indian ethos, value based learning and ethical citizenship has been a part of management curriculum of SMS Varanasi ever since it started functioning in 1995, added Prof Jha.

Very recently, SMS Varanasi has earned 'A' Grade NAAC Accreditation. This also signifies the quest for excellence is on the right track, asserted the director.

The institution has its flagship PGDM programmc (with over 90 per cent placement track record), AKTU affiliated MBA and MCA-Lateral, MGKV affiliated BBA, BCA, B Com and BA(Mass Communication) in the academic arena, 45 full-time faculty members (more than half doctorate) with a decent publication record, student strength of over 1500, fully computerised library with 35,000 books and e-access to quality journals through NDL and DELNET, 400 systems in the eight computer centres and Wi-fi connectivity across the campus.

Students capturing top merit positions in university examinations, two resources ccntres CEISD and CSHE to cater to societal development needs, four renowned research journals listed in University Grants Commission and other international indexing and above all a very strong corporate network, all these have contributed to the elite status of the institution which has been garnered owing to dedication and sincerity of the SMS family, exclaimed Prof Jha.

दैनिक जागरण
वाराणसी, मंगलवार
9 जनवरी 2018

## एसएमएस ने देश के 32 संस्थानों में स्थान पाया

वाराणसी : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) के निदेशक पीएन झा ने बताया कि बिजनेस इंडिया के सर्वे में उनकी संस्था ने देश के 32 संस्थानों में स्थान पाया है। बताया कि संस्था को यूपी में पहले तीन में स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दी। बताया कि विगत 22 वर्षों में उनकी संस्था ने काफी प्रगति की है। इसके लिए अधीशासी सचिव डा. एमपी सिंह को साधुवाद दिया।

हिन्दुस्तान
मंगलवार, 09 जनवरी 2018, वाराणसी,

# एसएमएस को तीसरा स्थान

**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनजेमेंट साइंसेज (एसएमएस) देश के तीस सर्वोच्च संस्थानों में शामिल हो गया। संस्थान के निदेशक प्रो.पीएन झा ने सोमवार को बताया कि बिजनेस इंडिया (दिसंबर 18-31, 2017) के अंक में बिजनेस स्कूलों का सर्वेक्षण प्रकाशित किया है। इसमें एसएमएस को उत्तर भारत में प्रथम आठ, उत्तर प्रदेश में प्रथम तीन और उत्तर भारत के प्राईवेट बिजनेस स्कूलों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रो.झा ने बताया है कि कठिन परिश्रम और बहुद्देशीय चिंतन से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि बिजनेस स्कूलों की रैंकिंग मानक में कई परिवर्तन हुए हैं। बिजनेस और व्यापार जगत में काफी परिवर्तन आया है। संस्थान ने 22 वर्षों में लगातार प्रगति की है। हाल में ही संस्थान को नैक से ह्यएह्न ग्रेड मिला है। प्रो.झा ने सफलता का श्रेय प्रबंध तंत्र; अधिशासी सचिव डॉ.एमपी सिंह, शिक्षकों और विद्यार्थियों को दिया है।

inext
दैनिक जागरण
Varanasi, 9 January 2018

## एसएमएस प्राइवेट बी स्कूल्स के टॉप थ्री में

**VARANASI (8 Jan):**स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज एसएमएस देश के सर्वोच्च 21 संस्थानों में शामिल हो गया है. बिजनेस इंडिया 18 दिसंबर के अंक में प्रकाशित सर्वेक्षण में एसएमएस वाराणसी को पूरे उत्तर भारत में प्रथम 8 में व उत्तर प्रदेश में प्रथम तीन में तथा उत्तर भारत के प्राइवेट बी-स्कूलों में प्रथम तीन में जगह मिला है. संस्था के निदेशक प्रो. पीएन झा ने बताया कि कड़े परिश्रम से ऐसा संभव हुआ है. इसके लिए उन्होंने पूरे एमएमएस ग्रुप को बधाई दी. उन्होंने कहा कि 22 साल में संस्थान ने काफी प्रगति की है. इसके लिए संस्था का प्रबंधन तंत्र खासकर अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह धन्यवाद के पात्र हैं.

अमर उजाला
मंगलवार, 9 जनवरी 2018

## निजी बी स्कूलों में एसएमएस टॉप थ्री में

वाराणसी। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस) वाराणसी देश के सर्वोच्च 31 संस्थानों में शामिल हो गया है। बिजनेस इंडिया के दिसंबर 18-31, 2017 के अंक में प्रकाशित सर्वेक्षण में एसएमएस संस्थान को उत्तर भारत में (जम्मू-कश्मीर से पं. बंगाल) टॉप-8, उत्तरप्रदेश में टॉप-3 और निजी बी स्कूलों में टॉप थ्री में स्थान दिया गया है। संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और संस्थान परिवार को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि एसएमएस में 1500 से ज्यादा विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। संस्थान को हाल में ही नैक से 'ए' ग्रेड मिला है।

राष्ट्रीय सहारा
वाराणसी
मंगलवार • 9 जनवरी • 2018

## देश के सर्वोच्च 21 संस्थानों में एसएमएस शामिल

**वाराणसी।** स्कूल आफ मैनेजमेंट साइन्सेज को देश के सर्वोच्च 21 संस्थानो में शामिल हो गया है। गौरतलब है कि बिजनेस इंडिया के दिसंबर 2017 के प्रकाशित सर्वेक्षण में एसएमएस भारत में जम्मू कश्मीर से बंगाल तक प्रथम आठ में जबकि प्रदेश में प्रथम तीन में तथा नार्थ इंडिया के निजी बी स्कूलों में प्रथम तीन में स्थान अर्जित किया है। यह जानकारी सोमवार को निदेशक प्रो. पीएम झा ने पत्रकारों को दी। प्रो. झा ने बताया कि बी स्कूल रैंकिग में पिछले वर्षों में प्रांचल में अनेक परिवर्तन हुए है और ये अपेक्षित भी है। वर्तमान में बिजनेस एवं व्यापार जगत में परिवर्तन भी बहुत तेजी से हुये हैं। उन्होंने कहा कि पुरातन छात्र नेटवर्क तथा संस्थान के प्रगति में इसका, दायित्व एवं पाठ्यक्रमों में नवसृजित मापदण्ड है जिसमें एसएमएस ने भी स्कोरिंग की है। उन्होंने कहा कि विगत 22 वर्षों में संस्थान ने काफी प्रगति की है और इसके लिये उन्होंने संस्थान के सचिव डा. एमपी सिंह साधुवाद दिया। 15 सौ से ज्यादा विद्यार्थी इस समय संस्थान में संचालित 7 पाठ्यक्रमों में अध्ययन है। अभी हाल ही में नेक संस्थान में संचालित सात पाठ्यक्रमों में अध्ययन है। बता दें कि नैक ने संस्थान को ए ग्रेड मिलना इसके उत्कृष्ट पठन-पाठन का द्योतक है। संस्थान का पांच विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एकेडमिक टाई अप विद्यार्थियों के लिए वैश्विक व्यापारिक परिवेश को समझने के लिए फ्री फारेन टूर तथा संस्था में कार्यरत दो शोध केद्र, सेंटर फार स्पीरीचुइलिज्म एण्ड हुयमन एनरिचमेंट एवं सेंटर फार आंतप्रीन्यूअरशिप इनोवेशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट इस दिशा में विद्यार्थियों का पूर्ण संवर्धन कर रहे हैं।

हिन्दुस्तान
मंगलवार, 09 जनवरी 2018, वाराणसी,

SMART

# एसएमएस को मिला सूबे में तीसरा स्थान

**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनजेमेंट साइंसेज (एसएमएस) देश के तीस सर्वोच्च संस्थानों में शामिल हो गया। संस्थान के निदेशक प्रो.पीएन झा ने सोमवार को बताया कि बिजनेस इंडिया (दिसंबर 18-31, 2017) के अंक में बिजनेस स्कूलों का सर्वेक्षण प्रकाशित किया है। इसमें एसएमएस को उत्तर भारत में प्रथम आठ, उत्तर प्रदेश में प्रथम तीन और उत्तर भारत के प्राईवेट बिजनेस स्कूलों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रो.झा ने बताया है कि कठिन परिश्रम और बहुद्देशीय चिंतन से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि बिजनेस स्कूलों की रैंकिंग मानक में कई परिवर्तन हुए हैं। बिज़नेस और व्यापार जगत में काफी परिवर्तन आया है। संस्थान ने 22 वर्षों में लगातार प्रगति की है। हाल में ही संस्थान को नैक से ह्यएह्व ग्रेड मिला है।